Seat No. : _______________

MU-118

March-2019

B.A., Sem.-IV

CC-211 : Hindi

(हिन्दी खण्डकाव्य : प्रवाद-पर्व)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें ।

(2) निम्नलिखित प्रश्न-1 (ब) और 2 (ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न - 3 (ब) और 4 (ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या एक-दो वाक्यों में दीजिए ।

1. (अ) कवि श्री नरेश मेहता के व्यक्तित्व एवं कृतित्त्व पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

कवि श्री नरेश मेहता द्वारा रचित 'प्रवाद-पर्व' का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

(ब) (1) कवि श्री नरेश मेहता का जन्म कब हुआ था ? **4**

(a) 1920 (b) 1922

(c) 1924 (d) 1926

(2) 'प्रवाद-पर्व' खण्डकाव्य का स्रोत क्या है ?

(a) महाभारत (b) रामायण

(c) वेद (d) उपनिषद

(3) कौन सी साहित्यिक रचना पर नरेश मेहता जी को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था ?

(a) महाप्रस्थान (b) शबरी

(c) अरण्या (d) प्रवाद-पर्व

(4) 'प्रवाद-पर्व' में कितने सर्ग हैं ?

(5) नरेश मेहता का बचपन का नाम क्या था ?

(6) 'प्रवाद-पर्व' कौन से सन् में लिखी रचना है ?

2. (अ) प्रवाद-पर्व के आधार पर राम की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए । **14**

अथवा

कवि श्री नरेश मेहता रचित 'प्रवाद-पर्व' खण्डकाव्य की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए ।

(ब) (1) सीता के चरित्र पर तर्जनी कौन उठाता है ? **4**

(a) कौशल्या (b) भरत

(c) राम (d) धोबी

(2) राम इतिहास से अधिक मूल्य किसका मानते हैं ?

(a) सत्य (b) असत्य

(c) भाई (d) पत्नी

(3) प्रवाद-पर्व की नायिका का नाम बताइए ।

(a) उर्मिला (b) सीता

(c) सुमित्रा (d) सती

(4) सीता को वन में छोड़ने कौन जाता है ?

(5) प्रवाद-पर्व के पाँचवें सर्ग का नाम बताइए ।

(6) प्रवाद-पर्व का प्रकाशन किस प्रकाशन ने किया है ?

3. (अ) 'प्रवाद-पर्व' के शीर्षक एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

प्रवाद-पर्व की प्रासंगिकता की चर्चा कीजिए ।

(ब) (1) सृष्टि की एकमात्र जिह्वा किसकी है ? **3**

(a) राजतंत्र (b) मनुष्य

(c) शासक (d) सीता

(2) कवि नरेश मेहता ने किसके माध्यम से स्पष्ट किया है कि शासक को रावण की तरह तानाशाह नहीं बनना चाहिए ?

(a) राम (b) लक्ष्मण

(c) भरत (d) रावण

(3) कौन से सर्ग में राम दूर जाते सीता के रथ को खिन्न और उदास मन से देख रहे हैं ?

(a) प्रतिइतिहास और तंत्र

(b) प्रतिइतिहास और निर्णय

(c) निर्वेद-विदा

(d) इतिहास और प्रतिइतिहास

(4) किसका चरित्र अग्नि के समान पवित्र, निष्कलुष और महान था ?

(5) 'प्रवाद-पर्व' के प्रथम सर्ग का स्थान बताइए ।

4. (अ) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : **14**

(1) ऐसा कदापि नहीं होगा बन्धुओं
मानवीय स्वातंत्र्य
मानवीय भाषा और
मानवीय अभिव्यक्ति के
प्रतिइतिहास का सामना
कैसे हो
मानवीय प्रतिगरिमा के साथ
करना होगा लक्ष्मण !
प्रतिइतिहास को इतिहास से नहीं
विनय से स्वीकारना होगा ।

अथवा

जब भी
ऐसी तर्जनी उठती है
तब
राजतंत्र और इतिहास
कोलाहल से भर उठते हैं
क्योंकि
वह मात्र अँगुली ही नहीं होती राम ।
उसका एक प्रतिऐतिहासिक व्यक्तित्व होता है,
महत्त्व भी ।
हवा में ही सही
परन्तु प्रश्न में उठा
अनाम या
मनुष्य मात्र का हाथ
प्रतिइतिहास होता है राम ।

(ब) (1) श्री नरेश मेहता का निधन कब हुआ ? **3**

(a) सन् 1998 (b) सन् 2000

(c) सन् 2002 (d) सन् 2004

(2) देवी की अग्नि परीक्षा हो चुकी है...... यह कथन किसका है ?

(a) राम (b) भरत

(c) लक्ष्मण (d) मंत्री

(3) किस रूप में राम का चरित्र अधिक निखरा है ?

(a) पति (b) भाई

(c) प्रेमी (d) राजा

(4) कौन निर्भय सत्य की अभिव्यक्ति के पक्षधर हैं ?

(5) प्रवाद–पर्व में किस भाषा के शब्दों का विशेष प्रयोग हुआ है ?